**NAAHAR PUBLIC SCHOOL (CBSE) SENIOR SECONDARY, VILLUPURAM**
**ACADEMIC YEAR (2022-2023)**
**FULL REVISION–1(NOV'22)**

**CLASS: X** **MARKS: 80**
**SUB:- HINDI ( II-LANG)** **DUR : 3 HRS**
**TEACHERS INITIAL: MRS. MYTHILI** **DATE:28.11.22**

---

I.नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5 x 1 =5)

राह पर खड़ा है, सदा से ढूंठ नहीं है। दिन थे जब वह हरा-भरा था और उस जनसंकुल चौराहे पर अपनी छतनार डालियों से बटोहियों की थकान अनजाने दूर करता था। पर मैंने उसे सदा ठूठ ही देखा है। पत्रहीन, शाखाहीन निरवलंब, जैसे पृथ्वी रूपी आकाश से सहसा निकलकर अधर में ही टँग गया हो। रात में वह काले भूत-सा लगता है, दिन में उसकी छाया इतनी गहरी नहीं हो पाती, जितना काला उसका जिस्म है और अगर चितेरे को छायाचित्र बनाना हो तो शायद उसका-सा 'अभिप्राय' और न मिलेगा। प्रचंड धूप में भी उसका सूखा शरीर उतनी ही गहरी छाया ज़मीन पर डालता जैसे रात की उजियारी चाँदनी में। जब से होश सँभाला है, जब से आँख खोली है, देखने का अभ्यास किया है, तब से बराबर मुझे उसका निस्पंद, नीरस, अर्थहीन शरीर ही दिख पड़ा है।
पर पिछली पीढ़ी के जानकार कहते हैं कि एक जमाना था जब पीपल और बरगद भी उसके सामने शरमाते थे और उसके पत्तों से, उसकी टहनियों और डालों से टकराती हवा की सरसराहट दूर तक सुनाई पड़ती थी। पर आज वह नीरव है, उस चौराहे का जवाब जिस पर उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम चारों ओर की राहें मिलती हैं और जिनके सहारे जीवन अविरल बहता है। जिसने कभी जल को जीवन की संज्ञा दी, उसने निश्चय जाना होगा कि प्राणवान जीवन भी जल की ही भाँति विकल, अविरल बहता है।
सो प्राणवान जीवन, मानव संस्कृति का उल्लास उपहार लिए उन चारों राहों की संधि पर मिलता थाजिसके एक कोण में उस प्रवाह से मिल एकांत शुष्क आज वह लूंठ खड़ा है। उसके अभाग्यों परंपरा में संभवतः एक ही सुखद अपवाद है- उसके अंदर का स्नेहरस सूख जाने से संख्या का लोप हो जाना। संज्ञा लुप्त हो जाने से कष्ट की अनुभूति कम हो जाती है।

(i) जनसंकुल का क्या आशय है?
(क) जनसंपर्क (ख) भीड़भरा (ग) जनसमूह (घ) जनजीवन

(ii) आम की छतनार डालियों के कारण क्या होता था?
(क) यात्रियों को ठंडक मिलती थी (ख) यात्रियों को विश्राम मिलता था
(ग) यात्रियों की थकान मिटती थी (घ) यात्रियों को हवा मिलती थी

(iii) शाखाहीन, रसहीन, शुष्क वृक्ष को क्या कहा जाता है?
(क) नीरस वृक्ष (ख) जड़ वृक्ष (ग) हठ वृक्ष (घ) हीन वृक्ष

(iv) आम के वृक्ष के सामने पीपल और बरगद के शरमाने का क्या कारण था?
(क) उसका अधिक हरा-भरा और सघन होना (ख) हवा की आवाज़ सुनाई देना
(ग) अधिक फल-फूल लगना (घ) अधिक ऊँचा होना

(v) अधिक ऊँचा होना आम के अभागेपन में संभवतः एक ही सुखद अपवाद था
(क) उसका नीरस हो जाना (ख) संज्ञा लुप्त हो जाना
(ग) सूखकर दूंठ हो जाना (घ) अनुभूति कम हो जाना

II.निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर दीजिए। (5 x 1 =5)

(i) इनाम में प्राप्त पैसे उसने जुए में गवाँ दिए। रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सा रेखांकित पदबंध क्रियाविशेषण पदबंध है?
(क) रीमा हंस रही है। (ख) आप क्यों इतना अधिक बोलते हैं?
(ग) अब तुम्हें चले जाना चाहिए। (घ) दरवाजे पर कोई दस्तक दे रहा है।

(iii) दिए गए विकल्पों में से क्रिया पदबंध कौन-सा है?
(क) गाना गाने वाली उस लड़की को बुलाओ। (ख) रीता ज़ोर-ज़ोर से बोलकर पढ़ती है।
(ग) सड़क पर मोटर कार चल रही है। (घ) वह हमेशा कोई कोई शरारत करता है।

(iv) मित्र मंडली के साथ मोहन घर पर बैठा है। रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

(v) दीन-दुखियों पर करुणा दिखाने वाले आप महान हैं। रेखांकित पदबंध का भेद है
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

III.निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर दीजिए। (5 x 1 = 5)

(i) ‘मयंक सुंदर है, वह हँसमुख भी है’, इस वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण होगा

(क) मयंक सुंदर है तथा हँसमुख भी है। (ख) मयंक सुंदर है लेकिन हँसमुख है।

(ग) मयंक सुंदर और हँसमुख है (घ) मयंक सुंदर भी है और हँसमुख भी।

(ii) निम्न वाक्यों में से संयुक्त वाक्य कौन-सा है?

(क) मेरा छोटा-सा जो गाँव है, उसके चारों ओर जंगल है। (ख) मेरे छोटे-से गाँव के चारों ओर जंगल है।

(ग) मेरा गाँव छोटा-सा है और उसके चारों ओर जंगल है। (घ) गाँव छोटा-सा है और चारों ओर जंगल है।

(iii) ‘उसने कुछ नहीं खाना खाया और सो गया।’ रचना के आधार पर वाक्य भेद है

(क) सरल वाक्य (ख) मिश्रित वाक्य (ग) संयुक्त वाक्य (घ) इनमें कोई नहीं

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्रित वाक्य है–

(क) जैसे ही वे घर से बाहर निकले, वैसे ही ज़ोर से धमाका हुआ।

(ख) वे लोग घर से बाहर निकले और ज़ोर से धमाका हुआ।

(ग) धमाका होते ही घर से बाहर निकले।

(घ) उनके घर से निकलते ही ज़ोर से धमाका हुआ।

(v) ‘वह कौन-सा व्यक्ति है, जिसने जवाहर लाल नेहरू का नाम न सुना हो।’ निम्नलिखित वाक्य है

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्र वाक्य (घ) इनमें से कोई नहीं

IV.निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर दीजिए। (5 x 1=5)

(i) निम्नलिखित में से किस समस्तपद में अव्ययीभाव समास है?

(क) वनवास (ख) आपबीती (ग) आजन्म (घ) काली-मिर्च

(ii) द्वंद्व समास का उदाहरण है

(क) बेलगाम (ख) अपयश (ग) भला-बुरा (घ) शोकातुर

(iii) ‘नवयुवक’ समस्तपद का विग्रह है

(क) नौ हैं जो युवक (ख) नया है जो युवक (ग) नई है जो युवक (घ) युवक है जो

(iv) निम्नलिखित में से किस समस्तपद में कर्मधारय समास है–

(क) नवग्रह (ख) घनश्याम (ग) पाठशाला (घ) पूर्वोत्तर

(v) ‘यथाविधि’ किस समास का उदाहरण है?

(क) कर्मधारय समास (ख) द्विगु समास (ग) अव्ययीभाव समास (घ) तत्पुरुष समास

V.निम्नलिखित चारों भागों के उत्तर दीजिए। (4 x 1 = 4)

(i) माली के हाथों में डंडा देखकर राजू के ………..” गए। उपयुक्त मुहावरे से वाक्य पूरा करें।

(क) प्राण सूखना (ख) आग-बबूला (ग) मर मिटना (घ) भाग जाना

(ii) ‘दाँतों तले ऊँगली दबाना’ मुहावरे का अर्थ है____

(क) डर जाना (ख) शर्मिंदा होना (ग) हैरान होना (घ) कष्ट अनुभव करना

(iii) दूसरों पर .. के बदले अपना काम जल्दी पूरा करो। वाक्य में उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान पूर्ण करें।

(क) सिर चढ़ना (ख) गले लगना (ग) उँगली उठाना (घ) कलंक लगाना

(iv) ‘अक्ल पर पत्थर पड़ना’ मुहावरे का सही अर्थ है

(क) मूर्ख होना (ख) बुद्धि भ्रष्ट होना (ग) बुद्धि होना (घ) प्रतिभावान होना

VI.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए। (4 x 1 = 4)

कर चले हम फ़िदा जानो-तन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो
साँस थमती गई, नब्ज जमती गई
फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया
कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं
सर हिमालय का हमने न झुकने दिया
मरते-मरते रहा बाँकपन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो

(i) उपर्युक्त पंक्तियों के माध्यम से कवि ने क्या प्रेरणा दी है?

(क) देश पर मर मिटने की (ख) गद्दारी की

(ग) अपने धर्म की सेवा की (घ) ईश्वर पर विश्वास की

(ii) सैनिक देश को किसके हवाले छोड़कर जा रहे हैं?

(क) बच्चों के हवाले (ख) बड़े-बुज़ुर्गों के हवाले

(ग) सैन्य कमांडरों के हवाले (घ) देशवासियों के हवाले

(iii) ‘सर हिमालय का’ से कवि का क्या अभिप्राय है?

(क) देश की आन, बान और शान (ख) हिमालय की चोटी

(ग) उपर्युक्त दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं
iv) देश के सैनिकों ने मरते दम तक क्या किया?
(क) पहाड़ों को तोड़ा (ख) रास्ते बनाए
(ग) देश के प्रति वफ़ादारी निभाई (घ) देश से गद्दारी की

VII.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। (6 x 3 = 18)
1. दीपक दिखाई देने पर अँधियारा कैसे मिट जाता है? साखी के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।
2. पहले पद में मीरा ने हरि से अपनी पीड़ा हरने की विनती किस प्रकार की है?
3.सवार ने क्यों कहा कि वज़ीर अली की गिरफ्तारी बहुत मुश्किल है? ।
4.सुमृत्यु किसे कहते हैं?
5.महापुरुषों जैसे कर्ण, दधीचि, सीबी ने मनुष्यता को क्या सन्देश दिया है इस कविता में?
6.किन पंक्तियों से पता चलता है ही हमें गर्व रहित जीवन जीना चाहिए?
7.कवि ने तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है और क्यों?

VIII.कवि ने दधीचि, कर्ण आदि महान व्यक्तियों का उदाहरण देकर मनुष्यता के लिए क्या संदेश दिया है? 60-70 शब्दों में बताइए। (1 x 4 = 4)
IX . Detail (6)
1. ठाकुरबारी के प्रति गाँव वालों के मन में अपार श्रद्धा के जो भाव हैं उससे उनकी किस मनोवृत्ति का पता चलता है?

2.अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं? कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

X.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। (1 x 6 = 6)
(क) विज्ञापन के लाभ और हानियाँ
(ख) सत्संगति
(ग) कंप्यूटर आज की आवश्यकता
संकेत-बिंदु-
कंप्यूटर विज्ञान का चमत्कार
कंप्यूटर की विशेषताएँ
उपयोग एवं लाभ
निष्कर्ष।

XI. विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए कि पुस्तकालय में हिंदी पत्रिकाओं का समुचित प्रबंध किया जाए। (5)
अथवा
समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए जिसमें दिल्ली में बढ़ती हुई अपराधवृत्ति की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करवाया गया हो।
XII. विद्या भारती पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र की ओर से दसवीं तथा बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की विशेष तैयारी हेतु छात्राओं के लिए रविवार की सुबह 9:00 से 11:00 बजे तक कक्षाओं की निःशुल्क व्यवस्था की 30-40 शब्दों में सूचना लिखिए। (5)
अथवा
विद्यालय में हो रही कविता-प्रतियोगिता में आमंत्रण हेतु 30-40 शब्दों में सूचना लिखिए।
वियों का ध्यान आकृष्ट करवाया
XIII.दिए गए विषय के आधार पर 100-120 शब्दों में लघुकथा लिखिए। 5
• बिना सोचे-समझे किसी पर विश्वास नहीं करना चाहिए।
अथवा
• संगत का असर।

XIV.'रुचिकर परिधान शो रुम' को अपने परिधानों की बिक्री बढ़ानी है। वे सभी परिधानों पर 20% की छूट दे रहे हैं। इस संबंध में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।
(3)